स्वच्छता व जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी

उदयपुर। राष्ट्रीय दंत चिकित्सक दिवस पर गीतांजलि डेंटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, उदयपुर द्वारा 22 दिसंबर 2025 से जनहित में विविध जागरूकता एवं सेवा गतिविधियों की शुरुआत की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों एवं मरीजों में मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा, जो 31 दिसंबर 2025 तक निरंतर जारी रहेंगी। कार्यक्रमों की श्रृंखला में विभिन्न विद्यालयों में दंत स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें बच्चों को दांतों की सही देखभाल, स्वच्छता और नियमित जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही गीतांजलि डेंटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट परिसर में विशेष दंत शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आमजन को निःशुल्क दंत परामर्श एवं विभिन्न दंत उपचारों पर विशेष छूट प्रदान की जा रही है जिसका लाभ उदयपुरवासी 31 दिसंबर तक ले सकते हैं

'योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में युवा भागीदारी निभाएं'

■ मल्टीमीडिया प्रदर्शनी में विभिन्न सत्रों का आयोजन

चित्तौडगढ । सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, उदयपुर द्वारा चित्तौडगढ जिला मुख्यालय पर स्थित शहीद मेजर नटवर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, चित्तौडगढ में वंदे मातरम की पुकार श्रमिक सुरक्षा का विस्तार विषय पर लगाई गई पाँच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी के दूसरे दिन आज युवाओं, महिलाओं एवं विद्यार्थियों को केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी देने के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम ने कहा कि राष्ट्रीय स्वदेशी महोत्सव में केंद्र सरकार की ओर से एक अभिनव प्रयास के तहत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है । इस प्रदर्शनी में भारत सरकार कि योजनाओं के बारे में पेनल एवं रुश्वष्ठ के माध्यम से आमजन को जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस जानकारी से निश्चय ही आमजन को इन योजनाओं का लाभ लेने में सहायता मिलेगी । उन्होंने उपस्थित युवाओं और विद्यार्थियों से प्रदर्शनी में दी जा रही जानकारी को अपने परिजनों, मित्रों, सगे संबंधियों तक पहुचाने में संदेश वाहक के रूप में भूमिका निबहाने का आहवाहन किया। उन्होंने कहा की वंदे मातरम गीत हमारे देश की राजनीतिक और सांस्कृतिक चेतना का अभिन्न अंग बन चुका है। इस अवसर पर जिला परिषद, चित्तौडगढ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने इस प्रदर्शनी में नई तकनीक के उपयोग के साथ लगाए गए साथ वर्चुअलसेल्फी पॉइंट की सराहना करते हुए कहा कि यह युवाओं के लिए एक नया अनुभव है । इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की महिला पर्यवेक्षक कांता सुखवाल ने उपस्थित महिलाओं एवं आमजन को विभाग द्वारा संचालित सेवाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग की पर्यवेक्षक चेताली जैन ने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत सघन जागरुकता अभियान के तहत उपस्थित दर्शकों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई 7 उन्होंने हिंसा से प्रभावित महिलाओं को तत्काल सहायता, कानूनी, चिकित्सा, और मनोवैज्ञानिक परामर्श हेतु चलाए जा रहे सखी वन स्टॉप सेंटर के बारे में भी उपस्थित दर्शकों को विस्तार से जानकारी दी ।इस अवसर पर केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीणा ने बताया कि यह प्रदर्शनी वन्दे मातरम् के 150 वर्ष व नए श्रम कानून के साथ ही केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

आरएसएमएमएल मे रॉक फॉस्फेट परिवहन करने वाले वाहनों में हुआ अनिवार्य

उदयपुर। राज्य सरकार द्वारा खनन कार्यों में पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रॉक फॉस्फेट परिवहन करने वाले सभी वाहनों में जीपीएस प्रणाली अनिवार्य कर दी गई है। खनन एवं भू-विज्ञान विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) के अंतर्गत राजस्थान स्टेट माइंस एंड मिनरल्स लिमिटेड (आर एस एम एम एल) ने यह निर्णय लागू किया है।

आरएसएमएमएल द्वारा जारी प्रेस विज्ञिप्त के अनुसार झामरकोटड़ा खनन क्षेत्र से रॉक फॉस्फेट के परिवहन में निगरानी को प्रभावी बनाने के लिए वाहनों में -140 मानक के अनुरूप जीपीएस युक्त उपकरण लगाना आवश्यक होगा। सभी वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि वे 31 दिसंबर 2025 से पूर्व अपने वाहनों में निर्धारित जीपीएस उपकरण अनिवार्य रूप से स्थापित करा लें।

पेसिफिक पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रशिक्षण आयोजित

उदयपुर। पेसिफिक अकादमी ऑफ़ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी के पेसिफिक पॉलिटेक्निक कॉलेज में विद्यार्थियों के समठा कौशल विकास एवं रोजगार क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर डॉ. मुकेश श्रीमाली (निर्देशक पेसिफिक पॉलिटेक्निक कॉलेज) ने बताया की यह कार्यक्रम भारत की अठाणीपहल के अंतर्गत द्वारा वित्तपोषित तथा द्वारा क्रियान्वित किया गया, जिसे के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक श्री अभिषेक कुमार जी थे इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन छात्रों को सशक्त बनाना है,जो अनुभव, आत्मविश्वास या उपयुक्त कौशल के अभाव में रोजगार प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करते हैं। एक इम्प्लीमेंटिंग पार्टनर के रूप में,कौशल अंतर को पाटने एवं बेरोजगार युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध

'कागजों में ओडीएफ प्लस, धरातल पर गंदगी में प्लस है बनकोडा पंचायत'

डूंगरपुर, (कासं)। पंचायत समिति आसपुर की ग्राम पंचायत बनकोडा में स्वच्छ भारत मिशन के प्रावधानों की अवहेलना के मामले को एसबीएम के प्रदेश समंवयक के.के. गुप्ता ने गंभीरता से लिया है। गुप्ता ने बनकोडा पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता की जमीनी हकीकत जानने के लिए औचक निरीक्षण किया था।

निरीक्षण के दौरान पंचायत क्षेत्र में सडक, सामुदायिक शौचालय और नालियां गंदगी से अटी पडी मिली थी। इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्वच्छता को धरातल पर उतारते हुए पूरी जवाबदेही के साथ स्वच्छता प्रकल्पों पर कार्य करने हिदायत दी थी। गुप्ता ने बताया कि बनकोडा पंचायत ओडीएफ प्लस है, लेकिन यह केवल कागजों में है। धरातल पर बनकोडा पंचायत गंदगी में प्लस नजर आ रही है।

मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के प्रदेश कॉर्डिनेटर के.के. गुप्ता ने जिला कलक्टर को पत्र प्रेषित कर बनकोड पंचायत क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान की जमीनी हकीकत से अवगत कराया है। गुप्ता ने पत्र में बताया है कि बनकोडा पंचायत के निरीक्षण के दौरान सुविधा घर पर ताले लटके मिले। पानी का कोई प्रबंध नहीं था, गंदगी से सुविधा घर अटा पडा था, बाहर मवेशियों के लिए बनी पानी की टंकी में गंदगी थी। गांव में सार्वजनिक स्थानों एवं सड़क पर गंदगी के ढेर थे। गंदा पानी सडको पर फैल रहा था, आमजन को भारी समस्या हो रही थी। नालिया जाम होने से गंदा पानी बह रहा था।

गुप्ता ने पत्र में बताया है कि निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी गोवर्धन सिंह से स्वच्छता के बारे में पुछे जाने पर बजट का अभाव बताया गया जबकि विकास अधिकारी ने बताया कि बजट का अभाव नहीं है। सरकारी आंकडो में बनकोडा ओडीएफ प्लस घोषित है, जबकि धरातल का सच आंकडो से अलग है। ग्राम विकास अधिकारी की लापरवाही के कारण स्वच्छता मिशन की मंशा अधूरी है। स्वच्छता के प्रति गंभीरता नहीं बरती जा रही है। गुप्ता ने पत्र में कहा है कि बनकोडा पंचायत में स्वच्छता कार्यो पर कितनी राशि खर्च हुई, कितना बजट आया, इसकी जांच होनी चाहिए।

गुप्ता ने पत्र में आग्रह किया है कि स्वच्छता के नाम नालियों एवं सीसी सडको पर बजट खर्च किया जाता है, गांवो में बजट नहीं होने का बहाना बनाकर सरकार की छवि पर प्रतिकूल असर डाला जाता है, यह आवश्यक है कि सामुदायिक शौचालय की साफ सफाई नियमित हो, नियमित रूप से कचरा उठाया जाएं, ठोस एवं तरल कचरे का प्रबंधन किया जाएं। ओडीएफ प्लस के मापदंडो की पालना सुनिश्चित कराई जाएं। बनकोडा में रत्नागिरी तीर्थ निर्माणाधीन है, यह जन-जन की आस्था का केंद्र है। बनकोडा में गंदगी देख यहां आने वाले पर्यटकों के मानस पर सरकार एवं जनप्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर गलत संदेश प्रसारित होता है।

डूंगरपुर देश-दुनिया में स्वच्छता के नाम से रोशन है, विशिष्ट पहचान है। ऐसे में बनकोडा पंचायत में स्वच्छता को लेकर लापरवाही बरतने वाले कार्मिको के दंडात्मक विरूद्ध कार्यवाही की जाएं। गुप्ता ने विकास अधिकारी से कहा है कि बनकोडा पंचायत में स्वच्छता पर खर्च किए गए बजट का लेखाजोखा तथ्यात्मक जांच के बाद रिपोर्ट सहित प्रस्तुत करें।

सम्मान किया

उदयपुर। गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, उदयपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर डॉ. मेधा माथुर को लखनऊ में आयोजित 2025 में प्रतिष्ठित मिड-करियर साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया यह पुरस्कार चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध योगदान तथा चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए प्रदान किया गया। डॉ. माथुर ने सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों, चिकित्सा शिक्षा एवं समुदाय-आधारित स्वास्थ्य मुद्दों पर उच्च गुणवत्ता वाले शोध के माध्यम से महत्वपूर्ण अकादमिक योगदान दिया है।

वार्षिकोत्सव सृजन 2025 का हुआ आगाज

उदयपुर / राजस्थान विद्यापीठ के संघटक महाविद्यालय विज्ञान संकाय की ओर से महाविद्यालय के सभागार में आयोजित वार्षिकोत्सव सृजन 2025 का आगाज कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, प्रो. मलय पानेरी, डॉ. धर्मेन्द्र राजौरा, डॉ. सपना श्रीमाली ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीपदान कर किया। प्रारंभ में निदेशक डॉ. सपना श्रीमाली ने समारोह की जानकारी देते हुए वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। फतेह सिंह राव को मिस्टर, रानी खटीक को मिस सृजन 2025 के खिताब से नवाजा गया।

विद्यार्थियों ने खम्मा घणी खम्मा घणी ... , मिश्री से मीठी बात थारी, घूमर, शैंकी शैंकी, गुलाबी साड़ी मारी बिंदनी बनावे, मैंने पायल है छनकाई सहित राजस्थानी, पंजाबी एवं रिमिक्स गानों पर जमकर प्रस्तुतियॉ दे उपस्थित अतिथियों का मन मौह लिया।

कुलपति एस.एस. सारंगदेवोत ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे प्रतिभागियों , राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र से सम्मानित करते हुए कहा कि सफलता - असफलता स्थिर नहीं रहती, सकारात्मक सोच के साथ युवाओं को आगे बढना चाहिए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। अपनी विरासत को आने वाली पीढी में रूपांतरिक करने का जिम्मा युवाओं का है।

संचालन डॉ सिद्धिमा शर्मा ने किया जबकि आभार डॉ मंगल श्री दुलावत ने जताया।

इस मौके पर डॉ उत्तम प्रकाश शर्मा, डॉ. भावेश जोशी, डॉ .योगिता श्रीमाली, डॉ पूजा जोशी, डॉ खुशबू जैन, डॉ. लोकेश सुथार , डॉ शक्तिका चौधरी ,डॉ लालिमा शर्मा, रुपेश जूनीवाल सहित विद्यार्थी ने समारोह का लुफ्त उठाया।

गुरुकुल में छात्र परिषद के चुनाव सम्पन्न

डूंगरपुर। स्थानीय विद्यालय गुरुकुल सेंट्रल एकेडमी, डूंगरपुर में उच्च प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमता के विकास के उद्देश्य से छात्र-परिषद चुनाव का आयोजन हुआ। इस चुनाव प्रक्रिया में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ भाग लिया।

संस्था प्रधान संध्या पंड्या ने बताया कि उच्च प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्र परिषद चुनाव आयोजन किया। जिसमे उच्च प्राथमिक वर्ग के 21० विद्यार्थियों ने चुनाव में विभिन्न पदों के लिए उत्साहपूर्वक भाग लिया। चुनाव से पूर्व विभिन्न पदों के लिए प्रत्याशियों ने अपने विचार,योजनाएँ और विद्यालय हित में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी सहपाठियों के समक्ष प्रस्तुत की। इसके पश्चात निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार गुप्त मतदान के माध्यम से मतदान कराया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विद्यालय निदेशक सतीश कुमार जोशी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना, मतदान प्रक्रिया एवं मताधिकार के महत्व से परिचित कराना,विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी एवं आत्मविश्वास का विकास करना,विद्यार्थियों को निर्णय लेने एवं प्रतिनिधि चुनने का व्यावहारिक अनुभव देना, विद्यालय में अनुशासन, सहयोग और सहभागिता की भावना को बढावा देना तथा छात्र परिषद के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं,सुझावों और विचारों को मंच प्रदान करना हैं।

नाम परिवर्तन

मेने अपना नाम मन्जु देवी लड्ढ़ा पत्नि हेमन्त कुमार लड्ढ़ा निवासी दयाल शाह किला रोड़ किशोर नगर राजसमन्द (राजस्थान) से बदल कर मन्जु लड्ढ़ा रख लिया है। मेरे PAN CARD, आधार कार्ड में भी यही नाम है मेरे पासपोर्ट में भी यही नया नाम मन्जु लड्ढ़ा रखना चाहती हूं मुझे प्रत्यक्ष क्षैत्र में इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/2008 **आम सूचना** दिनांक : 23/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

क्र. सं	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम/योजना	खसरा संख्या/ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री शंकरलाल पटेल पिता श्री केवल जी	सवीना	215, 219, 237, 238, 242	12	1920.00 वर्गफीट	सविना चौराहे से जडाव नर्सरी जाने वाली 150 फीट सडक पर श्रीनाथ ट्रावेल्स के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F-7 ( )B. PLAN/ MISC/2025-26/1997 दिनांक : 22/12/2025

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां(Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता में समय-समय पर जारी आदेशों/परिपत्रों/अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना में निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	राजस्व ग्राम /योजना	खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या	भूखण्ड संख्या	क्षेत्रफल	भूखण्ड/भूमि की स्थिति	भू-उपयोग परिवर्तन
1	श्री खेमराज डांगी पिता श्री कालुलाल डांगी	धोल की पाटी	77,78,79 मीन, 1272/ 79,80,85 से 87	66	4000.00 वर्गफीट	ग्राम धोल की पाटी में गोरवारा केमिकल इंडस्ट्रीज के समीपीय क्षेत्र में नरेन बिल्डिंग मेटिरियेल के समीप स्थित है।	आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण,उदयपुर

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक/न.पा.ना./69क/2025/15907 दिनांक : 24/12/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सातदिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप	पड़ौस पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री गोविन्द सनाढ्य/ श्री हेम नारायण सनाढ्य	आनन्द भवन, वल्लभपुरा, नाथद्वारा, भूखण्डक्षैत्रफल 1690.375 वर्गफीट	गली एवं बालकृष्ण सनाढ्य का मकान	गली एवं गजराज गोरवा का मकान	15 फीट चौडा रास्ता	आम रास्ता

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक/न.पा.ना./69क/2025/15910 दिनांक : 24/12/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो तीन दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप	पड़ौस पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री सुन्दर लाल माली/हीरालाल माली	फौज मौहल्ला, हायर सैकेण्डरी स्कूल के पास, नाथद्वारा,भूखण्ड क्षैत्रफल527 वर्गफीट	हाईस्कूल से लाल बाग जाने का आम रास्ता	सिंघवी जी की हवेली जाने का आम रास्ता	गली व आगे मोहम्मद हनीफ का मकान	मुख्य रोड व चौक

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/15904 दिनांक : 24/12/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 3दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री विवेक दवे पिता श्री ललित नारायण दवे निवासी-उदयपुर	भूखण्ड संख्या-109 क्षेत्रफल-1225 वर्गफीट मीरा नगर आवासीय कॉलोनी , नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-108	भूखण्ड संख्या-110	भूखण्ड संख्या-132	30 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

क्रमांक/न.पा.ना./69क/2025/12744 दिनांक : 7/10/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड/ भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर 69 ए का फ्री होल्ड पट्टे का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो तीन दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित सम्पत्ति का पता एवं माप	पड़ौस पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	प्रवीण कुमार गुर्जर/ स्व.श्री अम्बालाल गुर्जर	ब्रम्हपुरी, नाथुवास, नाथद्वारा, भूखण्ड क्षैत्रफल 1016.26 वर्ग मीटर	आम रास्ता	नन्द किशोर गुर्जर का मकान	नन्द किशोर गुर्जर का मकान	आम रास्ता

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

नाम परिवर्तन

मैं यशिता डांगा W/O गौरव डांगा निवासी मीरा नगर जलचक्की तह.व जिला राजसमंद शादी के पहले मैरा नाम यशिता दुधोडिया था शादी के बाद मेने मेरा नाम यशिता डांगा रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

(प्रपत्र संख्या-7)
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर (राज.)

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस सम्बन्धित व्यक्तियो का (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु)

नोटिस

पत्रावली संख्या:- 216/2025/4451 दि. 19/12/25

चूंकि श्री अरुण कुमार कोठारी, अध्यक्ष ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम, 1959 की धारा-17 (2) के अन्तर्गत तुलसी निकेतन समिति, मेन रोड, हिरण मगरी सेक्टर-3, उदयपुर प्रन्यास के सम्बन्ध में पंजीयन किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा 2 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपयुक्त प्रन्यास, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिये, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से 60 (साठ) दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्तियां, यदि कोई हों, प्रस्तुत करें।

ओर यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जायेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनाक 19/12/25 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आगामी पेशी तारीख 25/02/26 की रखी गयी है। **(जतीन कुमार गौंधी)**

मोहर सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग उदयपुर

कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा जिला-राजसमन्द (राज.)

Email:-np_ntd@yahoo.in Phone-02953-233526

क्रमांक/न.पा.नाथ/नामा./2025/15690 दिनांक : 17/12/2025

-:आपत्ती सूचना:-

एतर्थ द्वारासर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोईआपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति का पता	पड़ौस का विवरण पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1	श्री रतन लाल सुथार पिता श्री मन्नालाल एवं श्री अम्बाबाई पत्नि श्री रतनलाल निवासी-दसाणा की भागल कोशीवाडा खमनोर, नाथद्वारा	भूखण्ड संख्या-112 क्षेत्रफल-1268 वर्गफिट, श्री नाथ कॉलोनी , पावटी रोड़, नाथद्वारा	30 फिट रोड	कॉलोनी पार्क की भूमि	अन्य भूमि	30 फिट रोड

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

कार्यालय नगरपालिका सागवाड़ा जिला डूंगरपुर (राज.)

दूरभाष सं. 02966-252244 ई-मेल sagwadapalika@gmail.com वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/ulbsagwara

क्रमांक : न.पा.सा./भूमि/2025-26/3466 दिनांक : 19.12.2025

आम सूचना

सर्व जन को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सागवाडा क्षेत्र में नगरपालिका क्षेत्र में वार्ड नं. 1 से 35 में निम्न कच्ची बस्तियाँ 1. इन्दिरा कॉलोनी पूर्वी भाग 2. इन्दिरा कॉलोनी पश्चिम भाग, चामुण्डा माता ऐरिया, शिव कॉलोनी 3. एकव्यय कॉलोनी, चुंगीनाका ऐरिया 4. रामद्वारा योजना 5. चितरोडिया योजना, पालिया फला, बेहणिया फला, तलैया फला 6. वडियो का डूंगरा, सुथारीयाँ फला 7. भवानी माता, माकनखोता 8. भागा डूंगरा 9. कुकडिया बस्ती 10. मुरमुरी, मछलई फला, काली घाटी, पटेलवाडा नई आबादी उक्त कच्ची बस्तियाँ स्थित है। इस कॉलोनियों का नगरपालिका के तकनिकी अधिकारी द्वारा सर्वे करवाया गया था, जिसमें उक्त कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाये जैसे सड़क, पानी, बिजली, रोशनी, सिवरेज आदि की सूविधाये अवस्थित है। जिस पर नगरपालिका मण्डल बैठक दिनांक 03.01.2025 के प्रस्ताव सं. 06 के अनुसार उक्त कच्ची बस्तियों को अनाधिसूचित (डी- नोटिफाईड) करने का निर्णय एवं एम्पावर्ड कमेटी बैठक दिनांक 08.10.2025 के प्रस्ताव संख्या 1 से कच्ची बस्तियों को अनाधिसूचित (डी- नोटिफाईड) करने का निर्णय सर्व सम्मति से पारित किया गया है। अतः मण्डल बैठक एवं एम्पावर्ड कमेटी के निर्णयानुसार उक्त सभी कच्ची बस्तियों को अनाधिसूचित (डी- नोटिफाईड) घोशित किया जाता है।

उक्त सभी कॉलोनियों के निवासी अपनी भूमि के पट्टे हेतु LEASE DEED (PATTA) पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

राज.संवाद/सी/25/16399 अधिशाषी अधिकारी

कार्यालय ग्राम पंचायत ऋषभदेव, प.स.ऋषभदेव, जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक:-330 दिनांक-22/12/2025

खुली बोली ई निविदा सूचना

ग्राम पंचायत ऋषभदेव पंचायत समिति